भारत सरकार
रेल मंत्रालय

राज्य सभा
23.09.2020 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1541 का उत्तर

लॉकडॉउन के दौरान मालगाड़ियों के प्रचालन में कमी

1541. श्रीमती फूलो देवी नेतमः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि लॉकडॉउन के दौरान मालगाड़ियों के प्रचालन में कमी आई है;
(ख) यदि हाँ, तो पिछले वर्ष के मुकाबले मालगाड़ियों की संख्या में कितनी कमी आई है;
(ग) उक्त अवधि के दौरान मालगाड़ियों के माध्यम से कितने माल का परिवहन किया गया; और
(घ) मालगाड़ियों के प्रचालन और माल ढुलाई में आई कमी के कारण भारतीय रेल को कितना घाटा हुआ, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (घ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

Sk

लॉकडॉउन के दौरान मालगाड़ियों के प्रचालन में कमी के संबंध में दिनांक 23.09.2020 को राज्य सभा में श्रीमती फूलो देवी नेतम के अतारांकित प्रश्न सं. 1541 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित **विवरण।**

(क) और (ख): जी हां। माल लदान में 73.31 मिलियन टन (25.03.2020 से 31.05.2020 के दौरान 164.57 मिलियन टन की तुलना में पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि में 237.88 मिलियन टन) की गिरावट आई है। लदान में गिरावट आने के फलस्वरूप मालगाड़ियों के परिचालन में कमी आई है।

(ग): भारतीय रेल ने इस अवधि (25.03.2020 से 31.05.2020) के दौरान मालगाड़ियों से 164.57 मिलियन टन माल की ढुलाई की।

(घ): लॉकडाउन अवधि में मालगाड़ियों के परिचालन में कमी और माल यातायात में गिरावट के कारण, भारतीय रेल के मालभाड़ा राजस्व में पिछले वर्ष की इसी अवधि में राजस्व की तुलना में 7,959 करोड़ रु. (25.03.2020 से 31.05.2020 के दौरान 14,781.47 करोड़ रु. की तुलना में पिछले वर्ष की इसी अवधि में 22,740.47 करोड़ रु.) की कमी आई है।

****

Sk